[न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे] मुंबई, मंगलवार, 24 फरवरी 2026 । मूल्य 0.00, कुल पृष्ठ 4 [वर्ष: 12, डिजिटल अंक: 168, प्रधान संपादक : पवन जैन पदमावत] +91-9594542679 www.padmavatmedia.in padmavatmedia@gmail.com

दैनिक हिन्दी राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

PADMAVAT MEDIA न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे

Reg. No. MH180326353

# पदमावत मीडिया

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

**सुविचार**

कलाकार प्रकृति का प्रेमी है अतः वह उसका दास भी है और स्वामी भी।

25 हजार की रिश्वत लेते खंड .... 03

04 पंचायत समिति स्तर पर पंच ....

# अधिवक्ता लोकतंत्र के प्रहरी और मौलिक अधिकारों के रक्षक अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता : मुख्यमंत्री

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि अधिवक्ता कानून की जटिल भाषा को सरल बनाकर समाज को न्याय दिलाने वाले सशक्त सेतु हैं। जब कोई सामान्य नागरिक संकट में होता है तो न्याय की आशा लेकर सबसे पहले अधिवक्ता के पास पहुंचता है। इसलिए अधिवक्ताओं का दायित्व है कि वे समाज के अंतिम व्यक्ति की उम्मीदों पर खरे उतरते हुए न्याय दिलाने में अपनी भूमिका पूरी निष्ठा से निभाएं।









मुख्यमंत्री बनीपार्क स्थित जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में दी बार एसोसिएशन जयपुर के नव निर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के तीनों स्तंभ विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका अपने-अपने दायित्वों का संतुलित निर्वहन करते हुए ही सशक्त लोकतांत्रिक व्यवस्था का निर्माण करते हैं। अधिवक्ता न्यायपालिका के साथ मिलकर इस संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा संविधान और मौलिक अधिकारों के संरक्षक के रूप में लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिवक्ता केवल न्याय दिलाने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि समाज को कर्तव्यबोध भी कराते हैं। भारत को उत्कृष्ट राष्ट्र बनाने में विधि व्यवसाय से जुड़े लोगों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सभी नागरिकों को त्वरित और सुलभ न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। त्वरित न्याय के बिना विकास अधूरा है। प्रदेश में लागू किए गए तीन नए कानूनों के माध्यम से न्याय व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है, जिससे राजस्थान न्याय पहुंचाने की गति में अग्रणी राज्यों में शामिल हुआ है।

उन्होंने बार एसोसिएशन की नवगठित कार्यकारिणी को बधाई देते हुए कहा कि दी बार एसोसिएशन जयपुर विधिक परंपरा, अनुशासन, तर्क की परिपक्वता और बौद्धिक उत्कृष्टता का महत्वपूर्ण केंद्र रही है। यह संस्था अधिवक्ताओं को पेशेवर मंच प्रदान करने के साथ-साथ बौद्धिक विमर्श, नैतिक अनुशासन और सामूहिक शक्ति का सशक्त मंच भी है।

सरकार अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश में 42 नए न्यायालय स्थापित किए गए हैं। फलौदी और खैरथल-तिजारा सहित 8 नए जिला एवं सत्र न्यायालय सृजित किए गए हैं। बड़ी सादड़ी और केशोरायपाटन में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय स्थापित किए गए हैं। हनुमानगढ़, सवाई माधोपुर, चुरू, बीकानेर और जोधपुर में विशेष पॉक्सो न्यायालय प्रारंभ किए गए हैं। झुंझुनू में विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट एनआई एक्ट न्यायालय तथा पहाड़ी और खैरथल-तिजारा में सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय स्थापित किए गए हैं। लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के लिए फास्ट ट्रैक तंत्र को सशक्त किया जा रहा है। ई-कोर्ट प्रणाली, डिजिटल फाइलिंग और तकनीकी आधुनिकीकरण को भी बढ़ावा दिया गया है।

इस अवसर पर नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा, विधायक गोपाल शर्मा, राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अनिल कुमार उपमन, न्यायाधीश गनीष शर्मा, बार काउंसिल ऑफ राजस्थान के अध्यक्ष भुवनेश शर्मा, दी बार एसोसिएशन जयपुर के अध्यक्ष सोमेश चन्द शर्मा सहित वरिष्ठ अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### सीईओ ने परिवादी को स्वयं किया दूरभाष, आठ माह पुरानी समस्या का त्वरित समाधान

**राजसमंद @ पदमावत मीडिया।** प्रदेश में सुशासन की दिशा में हो रहे ठोस प्रयासों के तहत प्रशासनिक कार्यसंस्कृति में संवेदनशीलता और जवाबदेही को प्राथमिकता दी जा रही है। आमजन की शिकायतों के



त्वरित समाधान के उद्देश्य से वरिष्ठ अधिकारी अब स्वयं संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों के परिवादियों से सीधे संवाद स्थापित कर समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित कर रहे हैं। कुंभलगढ़ ब्लॉक के चारभुजा क्षेत्र निवासी राधेश्याम पालीवाल ने लगभग आठ माह पूर्व अपने राशन कार्ड में संशोधन के लिए ई-मित्र के माध्यम से आवेदन किया था, किंतु तकनीकी कारणों से प्रकरण लंबित रहा। लंबे समय तक समाधान नहीं होने पर उन्होंने 16 फरवरी को संपर्क पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। समस्या के शीघ्र निस्तारण पर परिवादी ने संतोष व्यक्त करते हुए प्रशासन का आभार जताया। यह प्रकरण दशार्ता है कि संवेदनशील और जवाबदेह प्रशासनिक पहल से आमजन की समस्याओं का प्रभावी समाधान संभव है।

### खाटूश्याम पदयात्रा मार्ग पर विशेष सफाई अभियान चलाकर की जा रही सफाई

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** नगर निगम आयुक्त डॉ गौरव सैनी के निर्देशानुसार खाटूश्याम पदयात्रा मार्ग पर विशेष सफाई अभियान चलाकर सफाई की जा रही है, श्रद्धालुओं की सुविधा एवं



स्वच्छता बनाए रखने के लिए दफ्ळ टीम का भी गठन किया गया है साथ ही मुरलीपुरा जोन में 100 से अधिक सफाई कर्मचारियों को नियुक्त भी किया गया है सफाई कर्मचारियों की दो पारियों में ड्यूटी लगाई गई है साथ ही नाइट स्वीपिंग भी की जा रही है। टीमों द्वारा भंडारा आयोजनकत्राओं को कचरा पात्र रखने के लिए समझाइश भी की जा रही है। सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग ना करने के लिये भी समझाइष की जा रही है। पदयात्रियों को अपने-अपने घरों पर चार डस्टबिन (नीला, पीला, हरा, काला) के सही उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। विद्याधर नगर जोन, किशनपोल जोन में भी दो पारियों में सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है तथा अतिरिक्त संसाधन लगाकर सफाई अभियान चलाकर सफाई की जा रही है।

### संपर्क पोर्टल प्रकरणों का तय समय में निस्तारण हो, विभागीय कार्यों में लाई जाए तीव्र प्रगति

**डूंगरपुर @ पदमावत मीडिया।** जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला परिषद सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के प्रगतिरत कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों



की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संपर्क पोर्टल पर लंबित शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा संतुष्टि दर में सुधार लाया जाए। उन्होंने विभागीय कार्यों में तीव्र प्रगति लाने और पूर्व में दिए गए निर्देशों की शत-प्रतिशत अनुपालना सुनिश्चित करने पर जोर दिया। पेयजल, सड़क एवं विद्युत विभाग की प्रगति की समीक्षा करते हुए शेष कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। कृषि, चिकित्सा, पशुपालन, उद्योग एवं सामाजिक न्याय विभागों की योजनाओं की स्थिति की भी विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर दिनेश चंद्र धाकड़, मुख्य कार्यकारी अधिकारी हनुमान सिंह राठौड़ सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### ऑनलाइन सट्टेबाजी के अरबों के खेल पर ईडी का शिकंजा

# 320 करोड़ से अधिक की संपत्ति अटैच पूरक अभियोजन शिकायत दाखिल

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**बेंगलुरु।** अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुए के संगठित नेटवर्क पर प्रवर्तन निदेशालय ने बड़ा प्रहार करते हुए धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के तहत 20 फरवरी 2026 को पूरक अभियोजन शिकायत विशेष न्यायालय में दाखिल की है। यह कार्रवाई मुख्य आरोपी केसी वीरेंद्र से जुड़े मामले में की गई है, जिसमें करोड़ों रुपये की अवैध धनराशि के शोधन का खुलासा हुआ है।




**यह कार्रवाई मुख्य आरोपी केसी वीरेंद्र से जुड़े मामले में की गई है, जिसमें करोड़ों रुपये की अवैध धनराशि के शोधन का खुलासा हुआ है**

प्रवर्तन निदेशालय के बेंगलुरु जोनल कार्यालय द्वारा दायर पूरक शिकायत में पृथ्वी एन राज, केसी थिप्पेस्वामी, एम/एस फोनेपैसा पेमेंट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, गुलशन खट्टर, एम/एस पपीज टूर्स एंड ट्रैवल्स एलएलपी, अर्जुन नागभूषण, अभिजीत सज्जन और एम/एस लॉजिकफोर्ज सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड को नामजद किया गया है। जांच में पाया गया कि ये व्यक्ति और संस्थाएं अपराध से अर्जित धनराशि को विभिन्न माध्यमों से शोधन करने में संलिप्त थे।

ईडी ने यह जांच विभिन्न राज्यों की पुलिस द्वारा दर्ज अनेक एफआईआर के आधार पर शुरू की थी। इन प्रकरणों में धोखाधड़ी, प्रतिरूपण और अवैध वसूली जैसे अपराध शामिल हैं, जो किंग567, प्ले567, प्लेविन567, गेमएक्सच सहित अन्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से संचालित किए जा रहे थे। जांच में खुलासा हुआ कि आमजन को फर्जी सट्टेबाजी पोर्टल्स के जरिए ठगा गया और अवैध लेन-देन के माध्यम से भारी धनराशि एकत्रित की गई।

तफ्तीश के दौरान यह सामने आया कि अपराध से अर्जित आय को पेमेंट गेटवे, म्यूल खातों, शेल कंपनियों, विदेशी संस्थाओं और वर्चुअल डिजिटल एसेट्स के जरिए कई स्तरों पर घुमाकर वैध दशार्ने का प्रयास किया गया। विदेशों, विशेष रूप से दुबई में संपत्तियां अर्जित करने और क्रिप्टो एसेट्स में निवेश के साक्ष्य भी मिले हैं।

29 जनवरी 2026 को जारी अनंतिम कुर्की आदेश के तहत लगभग 177.30 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्तियां कुर्क की गईं। अब तक इस मामले में 320 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियां अटैच या जब्त की जा चुकी हैं। जांच में 2,300 करोड़ रुपये से अधिक की अपराध आय की पहचान की गई है, जिसे अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुए के माध्यम से अर्जित कर विभिन्न लेन-देन की परतों के जरिए शोधन किया गया।

प्रवर्तन निदेशालय ने स्पष्ट किया है कि मामले में आगे की जांच जारी है और धन शोधन में संलिप्त अन्य व्यक्तियों एवं संस्थाओं के विरुद्ध भी सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### ग्राम संसद कार्यक्रम में राज्यपाल का संबोधन

# सरपंच बनें गांव विकास के सच्चे भागीरथ, सुनियोजित योजना से हो ग्रामीण प्रगति





पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि सरपंच केवल गांव के प्रतिनिधि नहीं, बल्कि भारत विकास के संवाहक बनें। उन्होंने कहा कि सरपंच गांव के सुख-दुख के सहभागी होने के साथ वहां के विकास के सच्चे भागीरथ बनें और योजनाबद्ध तरीके से गांवों की प्रगति सुनिश्चित करें।

राज्यपाल सोमवार को एक निजी होटल में आयोजित ग्राम संसद कार्यक्रम के अंतर्गत सरपंच संवाद को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान धर्म धरा है और यहां गौपालन की परंपरा गांव-गांव में विद्यमान है। अब नंदी संरक्षण के लिए भी संगठित रूप से कार्य किया जाना चाहिए।

उन्होंने सरपंचों से आह्वान किया कि वे गांवों में विद्यालयों और सार्वजनिक स्थलों के भवनों की स्थिति पर निरंतर निगरानी रखें। विद्यालयों का प्रभावी संचालन हो तथा बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि प्राथमिक शिक्षा बच्चों की बौद्धिक क्षमता निर्माण की नींव है, इसलिए इस स्तर पर गंभीरता अत्यंत आवश्यक है।

राज्यपाल ने बच्चों में आत्मविश्वास जागृत करने और उन्हें प्रारंभ से ही सिविल सेवाओं तथा उच्च पदों की परीक्षाओं के लिए मानसिक रूप से तैयार करने की दिशा में प्रयास करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण प्रतिभाओं को सही मार्गदर्शन और अवसर मिलें तो वे राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं।

उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतें यह सुनिश्चित करें कि सरकारी योजनाओं का लाभ वास्तव में जरूरतमंद, वंचित और पिछड़े वर्ग तक पहुंचे। जल, विद्युत और अन्य मूलभूत सुविधाओं की सर्वसुलभता सुनिश्चित करना सरपंचों की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

उन्होंने बताया कि देश में लगभग 2 लाख 55 हजार ग्राम पंचायतें हैं, जबकि राजस्थान में 11 हजार 266 ग्राम पंचायतें कार्यरत हैं। यदि इन पंचायतों का विकास सर्वोच्च प्राथमिकता बनेगा तो भारत तेजी से विकास पथ पर अग्रसर होगा। कार्यक्रम के दौरान गांवों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विशिष्टजनों को सम्मानित भी किया गया। राज्यपाल ने सरपंचों से गांव के प्रत्येक नागरिक के प्रति श्रद्धा और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

## शहीद भगत सिंह नगर में नि:शुल्क चिकित्सा जांच शिविर, 150 से अधिक लोगों को मिला लाभ

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** ब्रह्म रुपम सेवा संस्थान एवं मेवाड़ महिला शक्ति फेडरेशन, सेवा मंदिर के संयुक्त तत्वावधान में जीबीएच जनरल हॉस्पिटल के सहयोग से शहीद भगत सिंह नगर, पुला में निःशुल्क चिकित्सा जांच एवं परामर्श शिविर का सफल आयोजन किया गया।




संस्थान सचिव भुवनेश्वर श्रीमाली ने बताया कि शिविर में जीबीएच जनरल हॉस्पिटल के चिकित्सकों डॉ. हर्षिल, डॉ. ध्रुविका, डॉ. आकृति तथा नर्सिंग स्टाफ ने 150 से अधिक महिलाओं, पुरुषों और बच्चों की सामान्य स्वास्थ्य जांच कर परामर्श प्रदान किया।

शिविर के दौरान रक्तचाप, हीमोग्लोबिन, स्त्री रोग संबंधी जांच सहित अन्य सामान्य बीमारियों की जांच की गई। चिकित्सकों ने उपस्थित नागरिकों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सावधानियां अपनाने तथा नियमित जांच कराने की सलाह दी।

मेवाड़ महिला शक्ति फेडरेशन की प्रतिनिधि विमला चौहान ने चिकित्सा एवं नर्सिंग टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविरों से जरूरतमंद लोगों को समय पर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध होती है। शिविर के सफल संचालन में नारायण प्रजापत, उषा कुंवर, भूमिका चौहान, राजकुमारी जोशी, पिंकी यादव, हेमलता यादव और रानी झा का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सेवा मंदिर से ऐंजला जेकब उपस्थित रहीं।

आयोजकों ने बताया कि भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी चिकित्सा शिविर आयोजित कर अधिक से अधिक लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

# पेसिफिक मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय में बिना बेहोश किए फेफड़ों की जटिल शल्यक्रिया सफल

### दक्षिणी राजस्थान में इस प्रकार की पहली शल्यक्रिया, 59 वर्षीय मरीज को मिला नया जीवन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** भीलों का बेदला स्थित पेसिफिक मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय में चिकित्सकों ने 59 वर्षीय गंभीर रूप से घायल मरीज की बिना पारंपरिक पूर्ण बेहोशी दिए छाती की जटिल शल्यक्रिया सफलतापूर्वक कर नई उपलब्धि हासिल की है। दक्षिणी राजस्थान में इस प्रकार की यह पहली शल्यक्रिया मानी जा रही है।



**लोसिंग निवासी पर्वत सिंह सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे**

चिकित्सक डॉ. अनुज मेहता के नेतृत्व में की गई इस शल्यक्रिया में मरीज को श्वास यंत्र पर नहीं रखा गया, बल्कि शिरा मार्ग से दी गई शिथिलीकरण दवा और स्थानीय सुन्नीकरण के माध्यम से पूरी प्रक्रिया के दौरान मरीज स्वयं स्वाभाविक रूप से सांस लेता रहा। इससे श्वास यंत्र से जुड़ी जटिलताओं का जोखिम नहीं रहा।

लोसिंग निवासी पर्वत सिंह सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनकी कई पसलियां और कंधे की हड्डी टूट गई थी तथा आंतरिक रक्तस्राव भी हुआ था। गहन उपचार के बाद फेफड़ों की समस्या के समाधान के लिए यह विशेष शल्यक्रिया की गई।

एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. समीर गोयल सहित टीम ने तकनीकी चुनौती के बावजूद मरीज को सीधी अवस्था में रखकर शल्यक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण की। शल्यक्रिया के लगभग आधे घंटे बाद मरीज पूर्णतः सचेत हो गया और कुछ ही समय में सामान्य आहार लेने लगा।

संस्थान प्रबंधन ने इसे क्षेत्र में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है।

# बारां पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 40 करोड़ के अवैध पटाखों का जखीरा जब्त, तीन गोदाम सील

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**बारां।** जिले में पुलिस और प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई में अवैध पटाखों के बड़े काले कारोबार का भंडाफोड़ किया गया है। अटरू-बारां रोड स्थित आर.डी. ब्रदर्स के तीन गोदामों से करीब 40 करोड़ रुपये मूल्य की अवैध विस्फोटक निर्माण सामग्री और तैयार पटाखे जब्त किए गए हैं। भारी मात्रा में भंडारित सामग्री से



आमजन की जान को गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता था। पुलिस अधीक्षक अभिषेक अंदासु ने बताया कि 20 फरवरी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मंडोला के पास स्थित गोदामों में क्षमता से अधिक और अवैध रूप से विस्फोटक सामग्री का भंडारण किया गया है। सूचना की पुष्टि के बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश चौधरी और वृताधिकारी हरीराम सोनी के निर्देशन में कोतवाली थानाधिकारी भजनलाल के नेतृत्व में टीम ने दबिश दी। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि गोदामों में सुरक्षा के आवश्यक इंतजाम नहीं थे। अग्निशमन उपकरणों का अभाव था और विस्फोटक सामग्री असुरक्षित तरीके से रखी गई थी, जिससे बड़े हादसे की आशंका बनी हुई थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने तीनों गोदामों को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया। नगर परिषद आयुक्त भुवनेश मीणा की रिपोर्ट पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 288 और विस्फोटक अधिनियम 1984 की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है।

जब्त सामग्री की कुल अनुमानित कीमत लगभग 40 करोड़ रुपये आंकी गई है। कार्रवाई में कोतवाली थानाधिकारी भजनलाल, किशनगंज थानाधिकारी रमेशचंद मेरोठा, नगर परिषद आयुक्त भुवनेश मीणा और उप जिला कलेक्टर विश्वजीत सिंह की प्रमुख भूमिका रही। मामले की विस्तृत जांच किशनगंज थानाधिकारी रमेशचंद मेरोठा द्वारा की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि इतनी बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री कहां से लाई गई और इसके पीछे किन लोगों की संलिप्तता है।

# 'मैं शादीशुदा हूं ये भूल जाती हूं'

• तापसी पन्नू ने बताया क्यों की मैथियास बो से शादी? लड़कियों को दी ये सलाह




**तापसी** पन्नू अपनी शादी और पर्सनल जिंदगी को काफी सीक्रेट रखती हैं। उन्होंने पति मैथियास से शादी से पहले 13 साल तक डेट किया, लेकिन किसी को कानों कान खबर नहीं लगने दी। इसके बाद उन्होंने शादी भी बिना किसी हो-हल्ले के सिंपल तीरके से कर ली, जिसमें सिर्फ परिवार और करीबी ही शामिल हुए। अब हाल ही में तापसी ने बताया कि उन्हें किस तरह का रिलेशनशिप पसंद है और क्यों उन्होंने 13 साल बाद मैथियास को अपना हमसफर बनाया?

### शादी के बाद नहीं आया कोई बदलाव

शुभांकर मिश्रा के साथ पॉडकास्ट में एक्ट्रेस ने अपने शादीशुदा रिश्ते और पति मैथियास को लेकर बात की। एक्ट्रेस ने मैथियास के बारे में कहा कि उन्होंने मुझे कभी भी रिश्ते का बोझ महसूस नहीं होने दिया। शादी के बाद भी कुछ खास बदलाव नहीं आया। मैं लगभग भूल ही जाती हूं कि मैं शादीशुदा हूं। शादी से पहले मेरी सिर्फ एक ही शर्त थी कि शादी के बाद भी सब कुछ पहले जैसा ही रहे। एक्ट्रेस ने कहा कि मेरे लिए रिश्ते में सहजता और कंफर्ट सबसे महत्वपूर्ण रखता है। यही कारण है कि मैंने मैथियास से शादी की, क्योंकि उनमें एक सहजता है।

### मैं नहीं चाहती शादी से रिश्ते में बदलाव आए

मैथियास बो एक प्रसिद्ध और ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी हैं। अब वो भारत में भी कई खिलाड़ियों को कोचिंग दे रहे हैं। तापसी ने बताया कि शादी के बाद वो डेनमार्क नहीं गईं, बल्कि मैथियास यहां भारत में रहने लगे। मैथियास से शादी को लेकर तापसी ने कहा कि उनकी सहजता ही इसकी वजह थी। कोई भावनात्मक बोझ नहीं था, कोई बाध्यता नहीं थी। मैं कभी नहीं चाहती थी कि शादी पहचान में बदलाव का एहसास कराए। मेरा मानना है कि अगर रिश्ते में बदलाव आता, तो इसे औपचारिक रूप देने का कोई मतलब नहीं होता। हमें सचमुच एक-दूसरे के साथ रहना पसंद है। तभी हमने आगे बढ़ने का फैसला किया। क्योंकि लॉन्ग डिस्टेंस रिलेशनशिप में कई चुनौतियां आ रही थीं।

# विजय सेतुपति की अगली फिल्म 'पॉकेट नॉवेल' में नजर आएंगी मालविका मोहनन



तमिल सिनेमा के मशहूर निर्देशक त्यागराजन कुमारराजा ने अपनी आगामी फिल्म का नाम 'पॉकेट नॉवेल' रखा है। हाल ही में इसकी आधिकारिक घोषणा हुई। इस फिल्म में विजय सेतुपति मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। निर्माताओं ने हाल ही में फिल्म 'पॉकेट नॉवेल' का पोस्टर जारी किया है, जिसमें विजय सेतुपति का आधा चेहरा दिखाई दे रहा है। बैकग्राउंस में पोस्टर का रंग लाल है, जिसकी वजह से यह पोस्टर और ज्यादा इंटेंस लग रहा है। फिल्म के पोस्टर के साथ निर्माताओं ने इस फिल्म की स्टार कास्ट के बारे में भी अहम जानकारी दी है।

### 'पॉकेट नॉवेल' की स्टार कास्ट

इस फिल्म में विजय सेतुपति मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में मालविका मोहनन और राज बी शेट्टी के अलावा किशोर भी एक अहम किरदार में नजर आएंगे। प्रोडक्शन कंपनी टायलर डर्डन एंड किंग फिस्ट ने सोशल मीडिया पर फिल्म का टाइटल पोस्टर जारी किया है। इसके साथ ही यह भी बताया कि सोमवार से शूटिंग शुरू हो चुकी है। पोस्टर के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'त्यागराजन कुमारराजा की फिल्म 'पॉकेट नॉवेल' की शूटिंग शुरू।'



### फिल्म 'पॉकेट नॉवेल' के बारे में

'पॉकेट नॉवेल' का संगीत इलैयाराजा तैयार कर रहे हैं। फिल्म की सिनेमैटोग्राफी की जिम्मेदारी नीरव शाह के कंधों पर है। इस फिल्म की कहानी और पटकथा एंड्रयू लुईस ने लिखी है। वहीं इस फिल्म के गाने युग भारती ने लिखें हैं। विजय की इस फिल्म की घोषणा से फैंस और सिनेमा प्रेमियों के बीच काफी उत्साह देखने को मिल रहा है।



### एआई सिनेमा को आकार दे सकता है, लेकिन मानवीय भावनाओं को नहीं : ताहा शाह बदुशा

चाहे विजुअल इफेक्ट्स हों, डबिंग हो या सीजीआई (ष्टढ्ढ) हो, आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस फ़िल्ममेकिंग की दुनिया को पूरी तरह बदल रहा है। विशेष रूप से अभिनेताओं पर इसके प्रभाव को लेकर चर्चाएँ तेज़ होती जा रही हैं। ऐसे में कुछ लोगों को लगता है कि एआई भविष्य में अभिनय के हर पहलू की नकल कर सकता है, लेकिन 'हीरामंडी' स्टार ताहा शाह बदुशा ऐसा नहीं मानते। उनके अनुसार, तकनीक सिनेमा को बेहतर बना सकती है, लेकिन वह उस भावनात्मक सच्चाई की जगह नहीं ले सकती, जो सिर्फ़ एक इंसान परदे पर ला सकता है। इस संदर्भ में ताहा कहते हैं, 'जब कोई भावनात्मक सीन होता है, फिर वो चाहे माँ के साथ हो, पत्नी के साथ हो या बच्चे के साथ हो, तो वह भावना हमें खुद महसूस करनी होती है। इस जुड़ाव या भावना को हम चाहकर भी मशीन से पैदा नहीं कर सकते।' गौरतलब है कि एआई ने तकनीकी रूप से काफ़ी तरक़्क़ी कर ली है। आज की फ़िल्में पहले से कहीं ज़्यादा शानदार और तकनीकी रूप से परफ़ेक्ट दिखती हैं। इस विषय में ताहा कहते हैं, 'कभी एडिट में हल्की सी जंप दिख जाती है, कभी लिप-सिंक थोड़ा सा अटपटा लगता है, या कोई इमोशनल बीट पूरी तरह असर नहीं छोड़ पाती।

मुझे यक़ीन है कि आने वाले समय में ये तकनीकी कमियाँ भी दूर हो जाएँगी, लेकिन अभिनेता और दर्शक के बीच का भावनात्मक रिश्ता कहीं ज़्यादा गहरा होता है। दर्शकों का जुड़ाव परफ़ेक्शन से नहीं, बल्कि सच्चाई से होता है। लोग किसी इमेज से नहीं, एक इंसान से जुड़ते हैं। वे उसकी कमज़ोरियों से, उसकी ख़ामोशी से, उन ठहरावों से जुड़ते हैं, जो प्रोग्राम नहीं किए गए होते। उन्हीं ख़ामोशियों में असली क्रिएटिविटी बसती है।' ताहा यह भी मानते हैं कि एआई फ़िल्ममेकिंग के कई तकनीकी पहलुओं को संभालेगा।

# ऑपरेशन सिंदूर पर फिल्म बना रहे हैं विवेक अग्निहोत्री?



फिल्म 'कश्मीर फाइल्स' फेम निर्देशक विवेक अग्निहोत्री को लेकर ऐसी चर्चा है कि वे पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सशस्त्र बलों की तरफ से पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित फिल्म बनाने की तैयारी में हैं। ऐसी अफवाहों पर विवेक अग्निहोत्री ने चुप्पी तोड़ी है।

**ऑपरेशन सिंदूर पर फिल्म बनाने की अफवाहों पर क्या कहा?**

पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 आतंकी हमला हुआ था इसके बाद भारतीय सेना की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया, जिसके तहत पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया था। कई मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि विवेक, टी-सीरीज के साथ मिलकर ऑपरेशन सिंदूर पर फिल्म बनाने वाले हैं। वहीं, इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, एक बातचीत में विवेक अग्निहोत्री ने इस टॉपिक पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि वे एक बड़े नेशनलिस्टिक प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। हालांकि, उन्होंने और डिटेल्स बताने से मना कर दिया।

**जल्द करेंगे बड़े प्रोजेक्ट का एलान:** विवेक अग्निहोत्री ने ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित फिल्म बनाने संबंधी रिपोर्ट्स की पुष्टि करने या खारिज करने से मना करते हुए कहा, 'मैं किसी का नाम नहीं बता रहा हूं। मैं कह रहा हूं कि मैं एक बड़े नेशनलिस्टिक प्रोजेक्ट पर काम कर रहा हूं और मैं अपने समय पर इसका एलान करूंगा। यह बहुत बड़ा और बहुत ही दिलचस्प प्रोजेक्ट है।

**अफवाहों को न खारिज किया, न ही पुष्टि की**

पिंकविला के मुताबिक, प्रोडक्शन हाउस के करीबी सूत्रों ने बताया, 'भूषण कुमार और विवेक अग्निहोत्री ने अपनी अगली फिल्म 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए हाथ मिलाया है। इसे टी-सीरीज और आई एम बुद्धा प्रोडक्शन के बैनर तले बनाया जाएगा।

विवेक अग्निहोत्री इसके निर्देशन की जिम्मेदारी संभालेंगे। हालांकि, विवेक अग्निहोत्री से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने स्पष्ट रूप से कुछ नहीं बताया। उन्होंने न ही पुष्टि की, न ही खारिज किया। हालांकि, देखना दिलचस्प होगा कि निर्देशक ने अपने जिस अगले प्रोजेक्ट की बात की है, क्या वह इसी मुद्दे पर है या किसी और विषय पर फिल्म बना रहे हैं।

# होली से पहले अक्षरा सिंह का धमाका



होली का त्योहार जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, वैसे ही उत्साह और रंगों की बहार चारों तरफ छा रही है। बाजार सज रहे हैं। भोजपुरी इंडस्ट्री में धीरे-धीरे गाने भी रिलीज हो रहे हैं। इसी कड़ी में भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह का नया गाना 'होली पे चले गोली' शनिवार को रिलीज हो गया। यह गाना काफी धमाकेदार और मजेदार है। इस गाने की खास बात यह है कि इसमें अक्षरा के साथ वरुण शर्मा भी नजर आ रहे हैं। गाने में दोनों कलाकारों का कमाल का परफॉर्मेंस है। अक्षरा अपने आकर्षक हाव-भाव और स्टाइल से दिल जीत रही हैं, जबकि वरुण शर्मा भी अपना अलग अंदाज बिखेर रहे हैं। गाने में रंग, जोश और मस्ती से भरा माहौल है, जो होली के उत्सव को और भी रंगीन बना रहे हैं। अक्षरा ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर गाने का क्लिप शेयर किया। इसके साथ उन्होंने लिखा, ''होली पे चले गोली' इस साल होली का सबसे बड़ा धमाका होने वाला है। रंग, स्टाइल और ढ़ेर सारी मस्ती आपका इंतजार कर रही हैं। इस खास मौके पर आएंगे बेहद मनोरंजक वरुण शर्मा और शानदार अक्षरा सिंह के साथ जश्न होगा जोरदार। गाना एकदम दमदार और जोश से भरपूर होगा। बने रहिए हमारे साथ और इस धमाकेदार सेलिब्रेशन को भूलना मत। ' सॉन्ग 'होली पे चले गोली' को अभि दत्त, दीपाली साठे और विक्रम मोंट्रोज ने मिलकर गाया है और अजीम शिराजी ने लिखा है, जबकि विक्रम मोंट्रोस ने कंपोज किया है। गाने के रिलीज के बाद फैंस काफी एक्साइटेड हैं। कई लोगों ने अक्षरा सिंह के अंदाज और वरुण शर्मा के साथ उनकी जोड़ी की तारीफ की है। होली के मौके पर भोजपुरी गानों की मांग हमेशा ज्यादा रहती है। अक्षरा सिंह का यह नया गाना लोगों को रंगों में डुबोने और थिरकने का मौका देगा। अक्षरा सिंह भोजपुरी इंडस्ट्री की लोकप्रिय अभिनेत्रियों में गिनी जाती हैं। वे न सिर्फ अभिनय, बल्कि गायिकी से भी दर्शकों के दिलों में खास पहचान रखती हैं। उनके गाने कई लोगों को पसंद भी आते हैं।

बॉलीवुड छोड़कर हॉलीवुड जाने पर प्रियंका चोपड़ा ने दिया बड़ा बयान, एक्ट्रेस ने कहा-

# 'मुझे पुश किया गया'

एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा दुनियाभर में मशहूर हैं। उन्होंने बॉलीवुड और हॉलीवुड दोनों में काम किया है और अपने करियर में कई शानदार फिल्में की हैं। अपने करियर के पीक समय में उन्होंने बॉलीवुड छोड़ दिया था और हॉलीवुड का रुख किया था। लेकिन अब प्रियंका चोपड़ा ने बड़ा खुलासा करते हुए कहा कि वे कभी बॉलीवुड छोड़ना नहीं चाहती थीं, लेकिन परिस्थितियों ने उन्हें हिंदी सिनेमा से बाहर मौके तलाशने के लिए 'पुश' किया।'

मैं कभी बॉलीवुड नहीं छोड़ना चाहती थी

बॉलीवुड से हॉलीवुड तक के अपने सफर पर बात करते हुए प्रियंका चोपड़ा ने खुलकर अपनी दिल की बात शेयर की। प्रियंका ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि मैं कभी बॉलीवुड छोड़ना चाहती थी। लेकिन जब मैं हिंदी फिल्मों में काम कर रही थी, तो कई वजहों से खुद को थोड़ा सीमित महसूस करती थी। मैं अपने काम का दायरा बढ़ाना चाहती थी। एक कलाकार के तौर पर मैं कुछ नया और रोमांचक करना चाहती थी। इसी सोच ने मुझे दूसरे मौके तलाशने के लिए प्रेरित किया।' उन्होंने आगे कहा, 'इसी तलाश ने मुझे अमेरिका पहुंचाया। अब करीब 12 साल बाद मुझे ऐसा लग रहा है कि मैं उस मुकाम पर हूं, जहां मैं अपने मनपसंद और बेहतरीन प्रोजेक्ट्स चुन सकती हूं। लेकिन यह सफर बिल्कुल आसान नहीं था।'

मुझे दोनों इंडस्ट्री में काम करना पसंद है

उन्होंने आगे कहा, 'मुझे मेरी इंडियन फिल्मों से प्यार है। मैं बहुत खुश हूं कि वापस भारत में आकर वाराणसी फिल्म के लिए काम कर रही हूं। मैं कभी भी इन दोनों में से किसी एक को चुनना नहीं चाहूंगी। मैंने कभी ऐसा किया भी नहीं। मुझे लगता है कि मैं दोनों इंडस्ट्री के बीच संतुलन बनाकर चलती हूं और मुझे दोनों इंडस्ट्री में काम करना पसंद है। दोनों जगह काम करने का तरीका कई मायनों में अलग है, ठीक वैसे ही जैसे उनकी संस्कृतियां अलग होती हैं। लेकिन अब मेरा दिमाग दोनों तरीकों से सोचने का आदी हो चुका है। यह अपने आप में एक अनोखा, शानदार और मजेदार अनुभव है।'

प्रियंका चोपड़ा की आगामी फिल्में

प्रियंका चोपड़ा के करियर फ्रंट की बात करें तो वह हॉलीवुड फिल्म 'द ब्लफ' में नजर आएंगी। उनके साथ लीड रोल में कार्ल अर्बन रहेंगे। ये एक एक्शन-थ्रिलर फिल्म है, जो 25 फरवरी 2026 को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होने वाली है।



# कोंकणा सेन शर्मा की 'अक्यूज्ड' का ट्रेलर रिलीज

### लेयर्ड है फिल्म की कहानी; प्रतिभा रांटा का दिखा दमदार अंदाज



**इस** महीने की शुरुआत में नेटफ्लिक्स ने इस साल आने वाले अपने प्रोजेक्ट्स की घोषणा की थी। इसमें एक नाम शामिल था नेटफ्लिक्स की फिल्म 'अक्यूज्ड' का। कोंकणा सेन शर्मा और प्रतिभा रांटा स्टारर इस फिल्म का ट्रेलर आज रिलीज हो गया है। यह एक सस्पेंस-थ्रिलर ड्रामा है। 'अक्यूज्ड' पोलैंड में सेट सस्पेंस ड्रामा है। कहानी के केंद्र में हैं डॉ. गीतिका (कोंकणा सेन शर्मा), जो एक जाने-माने हॉस्पिटल में सबसे कम उम्र की हेड ऑफ डिपार्टमेंट के तौर पर काम कर रही हैं। डॉ. गीतिका एक मशहूर एलजीबीटीक्यू गायनेकोलॉजिस्ट हैं। वह डीन बनने की तैयारी कर रही हैं। गीतिका अपनी लेस्बियन पार्टनर मीरा (प्रतिभा रांटा) के साथ मिलकर एक बच्चे को एडॉप्ट करने की प्लानिंग करती हैं। लेकिन तभी सोशल मीडिया पर उन्हें ट्रोल किया जाता है। डॉ. गीतिका पर यौन दुराचार के गंभीर आरोप लगते हैं। उन्हें काफी कुछ कहा जाता है। इससे डॉ. गीतिका की जिंदगी और करियर, दोनों में भूचाल आ जाता है। जनता और अधिकारियों का शक बढ़ता है और सच्चाई धुंधली होती जाती है। इसके पीछे कौन है और क्या वजह है, ये फिल्म देखने पर पता चलेगा।

## खबर संक्षेप

एसीबी की सफल ट्रेप कार्यवाही

### 7 हजार रुपये की रिश्वत लेते डाटा एंट्री ऑपरेटर रंगेहाथ गिरफ्तार

**पाटण @ पदमावत मीडिया।** जिले में भ्रष्टाचार के विरुद्ध जारी अभियान के तहत एसीबी पाटण की टीम ने सफल



ट्रेप कार्यवाही करते हुए 7 हजार रुपये की रिश्वत लेते एक डाटा एंट्री ऑपरेटर को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। मामले में एक जागरूक नागरिक ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके भतीजे का जन्म प्रमाण पत्र खो जाने के कारण नया प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु मामलतदार के आदेश की आवश्यकता थी। इस कार्य के बदले में महेश कुमार उर्फ मुकेशभाई दलाभाई परमार, डाटा एंट्री ऑपरेटर (आउटसोर्स), एटीवीटी शाखा, मामलतदार कार्यालय वाराही, निवासी वाराही गांव, जिला पाटण द्वारा 7,000 रुपये की अवैध रिश्वत की मांग की गई। शिकायतकर्ता रिश्वत देना नहीं चाहता था, इसलिए उसने एसीबी पाटण से संपर्क कर शिकायत प्रस्तुत की। शिकायत के आधार पर 23 फरवरी 2026 को वाराही मामलतदार कार्यालय के बाहर चाय की लारी के पास ट्रेप आयोजित किया गया। ट्रेप के दौरान आरोपी ने शिकायतकर्ता से 7,000 रुपये की रिश्वत की मांग कर राशि स्वीकार की, तभी एसीबी टीम ने उसे रंगेहाथ पकड़ लिया। मौके से 7,000 रुपये की पूरी राशि बरामद की गई। यह ट्रेप कार्यवाही पुलिस निरीक्षक एम.जे. चौधरी, एसीबी पुलिस स्टेशन पाटण द्वारा स्टाफ सहित की गई। पूरी कार्यवाही एसीबी बॉर्डर यूनिट भुज के सहायक निदेशक के.एच. गोहिल एवं एसीबी राजकोट के उप निदेशक बलदेवसिंह सी. वाघेला के सुपरविजन में संपन्न हुई। आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान जारी है।

### स्वर्ण प्राशन महाभियान, पंचकर्म शिविर और योग सत्रों ने बनाया नया कीर्तिमान

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** राजकीय आदर्श आयुर्वेद औषधालय, सिंधी बाजार द्वारा संचालित स्वर्ण प्राशन महाभियान, निःशुल्क पंचकर्म शिविर एवं योग सत्रों ने जिले में उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है। वर्ष



2014 से चल रहे स्वर्ण प्राशन अभियान के तहत अब तक 4 लाख 25 हजार से अधिक बच्चों को लाभान्वित किया जा चुका है। प्रत्येक रविवार को आयोजित इस संस्कार में बड़ी संख्या में अभिभावक अपने बच्चों को लेकर पहुंचते हैं। पिछले पांच वर्षों में 45 से अधिक निःशुल्क पंचकर्म शिविर लगाए गए, जिनमें विभिन्न रोगों का आयुर्वेदिक उपचार किया गया। वहीं वर्ष 2007 से प्रतिदिन प्रातः योग सत्रों का नियमित संचालन किया जा रहा है। वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ. शोभालाल औदीच्य ने बताया कि भविष्य में अभियान का दायरा और विस्तारित किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों को आयुर्वेदिक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके।

### जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की समीक्षा बैठक 5 मार्च को होगी आयोजित

**भीलवाड़ा @ पदमावत मीडिया।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी (उक्र्रलअ) समिति की समीक्षा बैठक सांसद श्री दामोदर अग्रवाल, की अध्यक्षता में 05 मार्च 2026 को प्रातः 11:30 बजे जिला परिषद समिति कक्ष कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित होगी। यह जानकारी जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी चन्द्रभान सिंह भाटी ने दी।

अध्यक्ष सीए राहुल माहेश्वरी ने आयोजित किया बॉक्स क्रिकेट टूनार्मेंट

# आईसीएआई उदयपुर (आईसीआरसी) द्वारा दो दिवसीय खेल महोत्सव का सफल आयोजन

## वॉलीबॉल में आईसीएआई भीलवाड़ा विजेता व आईसीएआई उदयपुर उपविजेता रहा, क्रिकेट प्रतियोगिता में आरजे स्कॉलर्स टीम विजेता रही

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** सेक्टर 14 स्थित आईसीएआई भवन भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान उदयपुर (सीआईआरसी) के तत्वावधान में सीए सदस्यों का दो दिवसीय खेल महोत्सव का समापन आयोजन हुआ। शाखा अध्यक्ष सीए राहुल माहेश्वरी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के मध्य खेल भावना, आपसी सौहार्द एवं नेटवर्किंग को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर




क्रिकेट एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। अध्यक्ष सीए राहुल माहेश्वरी ने बताया कि पहले दिन बॉक्स क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया।




बॉक्स क्रिकेट टूनार्मेंट में लगभग 60 चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में आरजे स्कॉलर्स टीम विजेता रही। व्यक्तिगत श्रेणी में बेस्ट प्लेयर - सीए यमन जोशी, बेस्ट फीमेल प्लेयर - सीए अंकिता जैन, बेस्ट प्लेयर 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में सीए अंशुल मोगरा रहे। दूसरे दिन वॉलीबॉल टूनार्मेंट प्रतियोगिता में सीजीएसटी, एसजीएसटी, आयकर विभाग उदयपुर की टीमों सहित आईसीएआई भीलवाड़ा एवं आईसीएआई उदयपुर की टीमों ने सहभागिता की। इस अवसर पर वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों एवं उदयपुर-भीलवाड़ा के चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के मध्य सौहार्दपूर्ण संवाद एवं समन्वय देखने को मिला।

शाखा कोषाध्यक्ष सीए सौरभ गोलछा ने बताया कि यह दो दिवसीय आयोजन खेल, उत्साह, नेटवर्किंग एवं मनोरंजन से परिपूर्ण रहा। कार्यक्रम के दौरान सीए कपिल जोशी, सीए अंशुल कटेजा, सीए अरुण गेलड़ा उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों रोशन सीजीएसटी उदयपुर, विनोद चौधरी आयकर विभाग एवं देवल एसजीएसटी ने भी सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम का समापन सौहार्द, उत्साह एवं आपसी सहयोग की भावना के साथ हुआ।

## पुलिस थाना कूण की बड़ी कार्यवाही: ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत 605 किलोग्राम अवैध गांजे के हरे पौधे जब्त

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूम्बर।** जिले में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत पुलिस थाना कूण ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 605 किलोग्राम अवैध गांजे के हरे पौधे जड़ सहित जब्त किए हैं। आरोपी मौके से फरार मिला, जिसकी तलाश जारी है।

जिला पुलिस अधीक्षक सलूम्बर राजेश कुमार यादव के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतन चावला एवं पुलिस उप अधीक्षक वृत सलूम्बर हेरम्ब जोशी के सुपरविजन में थानाधिकारी कूण निलेश कुमार के नेतृत्व में टीम द्वारा दिनांक 22 फरवरी 2026 को कार्रवाई की गई।

एरिया डोमिनेशन के दौरान पुलिस टीम टेकण फला आड़ा मंगरा क्षेत्र में पहुंची, जहां सड़क से कुछ दूरी पर स्थित खेत में हरे पौधे खड़े दिखाई दिए।



पास जाकर निरीक्षण करने पर पाया गया कि उक्त पौधे अवैध गांजे के हैं, जिन पर फूल व कलियां लगी हुई थीं। जांच में खेत दामा पुत्र विरमा मीणा निवासी टेकण फला आड़ा मंगरा थाना कूण का होना पाया गया।

मौके पर ई-साक्ष्य एप के माध्यम से वीडियोग्राफी की गई। गांजे के पौधों को जड़ सहित उखाड़कर मिट्टी झाड़कर एकत्रित किया गया। पौधों की लंबाई लगभग चार से पांच फीट पाई गई। कुल 24 प्लास्टिक कट्टों में भरकर सील किया गया। इलेक्ट्रॉनिक कांटे से वजन



करने पर कुल वजन 605 किलोग्राम पाया गया, जिसे जब्त किया गया। आरोपी दामा घटना के समय मौके पर मौजूद नहीं मिला, जिसकी तलाश जारी है।

इस कार्रवाई में थानाधिकारी निलेश कुमार, सहायक उप निरीक्षक रमेश चन्द्र, हेड कांस्टेबल राजेश कुमार तथा कांस्टेबल मुफत लाल, उदय लाल, गजेन्द्र सिंह, भवानी सिंह, चन्दु लाल, महेन्द्र कुमार, नवीन, अरविन्द और चालक कांस्टेबल नरेन्द्र कुमार शामिल थे।

## 25 हजार की रिश्वत लेते खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी रंगे हाथ गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सवाई माधोपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की सवाई माधोपुर इकाई ने बड़ी कार्रवाई करते हुए उपखंड गंगापुर सिटी के खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बत्तीलाल मीना को 25 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस गोविन्द गुप्ता ने बताया कि एसीबी चौकी सवाई माधोपुर को शिकायत मिली थी कि परिवादी से व्यवस्थार्थ पदस्थापन स्थान से मूल पदस्थापन स्थान पर लगाने की एवज में 30 हजार रुपये रिश्वत की मांग की जा रही है। सत्यापन के दौरान 5 हजार रुपये पहले ही प्राप्त कर लिए गए थे और शेष 25 हजार रुपये की मांग बरकरार थी। शिकायत की पुष्टि होने पर एसीबी भरतपुर रेंज के उप महानिरीक्षक पुलिस डॉ. रामेश्वर सिंह के सुपरविजन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्ञान सिंह चौधरी के नेतृत्व में ट्रैप कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान डॉ. बत्तीलाल मीना को परिवादी से 25 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों



डिटेन किया गया। कार्रवाई अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के सुपरविजन तथा महानिरीक्षक पुलिस राजेश सिंह के निर्देशन में की गई। आरोपी से पूछताछ जारी है। मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है।

## खाटूश्यामजी मेले में सेल्फी प्रतियोगिता का अनूठा आयोजन, 100 श्रेष्ठ प्रतिभागियों को मिलेगा सम्मान

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल खाटू श्याम मंदिर में आयोजित फागुन मेले के दौरान इस बार श्रद्धालुओं की सहभागिता बढ़ाने और पुलिस-जन सहयोग को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सेल्फी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। राजस्थान पुलिस और सीकर पुलिस द्वारा आयोजित इस पहल के अंतर्गत श्रद्धालु मेले में पुलिस की व्यवस्थाओं, सहायता कार्यों और सकारात्मक क्षणों को कैमरे में कैद कर साझा कर सकेंगे।




सीकर पुलिस अधीक्षक प्रवीण नायक नूनावत ने बताया कि पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देशानुसार मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, महिला सहायता, चिकित्सा समन्वय और भीड़ नियंत्रण के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। यदि किसी श्रद्धालु को पुलिस की उत्कृष्ट व्यवस्था या ड्यूटी पर तैनात किसी पुलिसकर्मी द्वारा की गई सहायता का सकारात्मक अनुभव हो, तो वह उस पल की सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर साझा कर सकता है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य श्रद्धालुओं और पुलिस के बीच विश्वास, सहयोग और सकारात्मक संवाद को बढ़ावा देना है। पुलिस केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि श्रद्धालुओं की सेवा और सुरक्षा के लिए भी प्रतिबद्ध है।

श्रद्धालुओं से मेले से संबंधित प्रमाणिक जानकारी के लिए आधिकारिक पुलिस पेज को फॉलो करने की अपील की गई है। किसी भी प्रकार की सहायता के लिए पुलिस हेल्पलाइन नंबर 9667600788 तथा आपातकालीन सेवा 112 पर संपर्क किया जा सकता है।

## मुर्गी फार्म की आड़ में चल रही एमडी ड्रग्स फैक्ट्री का भंडाफोड़, 8 .50 करोड़ का माल जब्त

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**बाड़मेर।** जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए सेड़वा थाना क्षेत्र के सिंहार इलाके में संचालित अवैध एमडी ड्रग्स फैक्ट्री का पदार्फाश किया है। मुर्गी फार्म की आड़ में संचालित इस फैक्ट्री से करीब 8.50 करोड़ रुपये मूल्य की तैयार ड्रग्स, रासायनिक पदार्थ और उपकरण जब्त किए गए हैं। कार्रवाई में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जबकि तीन अन्य को नामजद कर तलाश शुरू कर दी गई है।

पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र सिंह मीना के निर्देशन में नशा मुक्त बाड़मेर अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। मुखबिर से मिली सटीक सूचना पर सेड़वा थानाधिकारी प्रभुराम और चौहटन वृताधिकारी जेठाराम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने खेत में बने मुर्गी फार्म पर दबिश दी। जांच में सामने आया कि आरोपी



आदम खान ने संदेह से बचने के लिए मुर्गी पालन व्यवसाय शुरू किया था, लेकिन उसी परिसर में बने एक छपरे के भीतर एमडी ड्रग्स तैयार की जा रही थी।

पुलिस ने मौके से 4 किलो 073 ग्राम तैयार एमडी ड्रग्स, 34.746 लीटर हाइड्रोक्लोरिक एसिड, अमोनिया और एसीटोन सहित अन्य रसायन, 48 किलो 021 ग्राम सफेद और काला पाउडर, 540 ग्राम अवैध डोडा पोस्त, कांच की बड़ी ट्रे, इलेक्ट्रिक कांटा तथा ड्रग्स निर्माण में प्रयुक्त मशीनरी बरामद की है। जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत लगभग 8.50 करोड़ रुपये आंकी गई है।

मौके से मुख्य आरोपी आदम खान निवासी सिंहार को गिरफ्तार कर लिया गया है। दबिश के दौरान फरार हुए करीम खान निवासी सिंहार तथा नवलाराम जाट और जीयाराम जाट निवासी दीपला को नामजद किया गया है। उनकी गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमें गठित कर संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। पुलिस पूरे सप्लाई नेटवर्क और स्थानीय कनेक्शन की भी गहन जांच कर रही है।

कार्रवाई में सेड़वा थानाधिकारी प्रभुराम, हेड कांस्टेबल आसुराम और कांस्टेबल गंगाराम सहित टीम के अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि नशे के खिलाफ इस अभियान में सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत साझा करें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

## पुनयोर्जी कृषि और कार्बन संचयन पर मंथन




विज्ञान समिति की 129वीं वार्ता में कृषि भूमि संरक्षण और जलवायु परिवर्तन पर चर्चा

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** विज्ञान समिति के प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ के अंतर्गत आयोजित 129वीं वार्ता में पुनयोर्जी कृषि और कार्बन संचयन विषय पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्य वक्ता डॉ. जी.एस. आमेटा ने कृषि भूमि के निम्नीकरण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि अत्यधिक दोहन और घटते जैविक कार्बन के कारण देश की लगभग 29 प्रतिशत कृषि भूमि प्रभावित हो चुकी है। जैव विविधता संरक्षण, मिट्टी की उर्वरता वृद्धि और व्यापक पौधारोपण कार्यक्रम समय की आवश्यकता हैं। डॉ. के.एल. कोठरी ने टिकाऊ कृषि योजनाओं के महत्व पर बल देते हुए किसानों से सरकारी योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने कृषि और पर्यावरण के बीच संतुलन स्थापित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

### गोरेगांव ट्रैफिक डिवीजन क्षेत्र में ऑड-ईवन पार्किंग व्यवस्था स्थायी

**मुंबई @ पदमावत मीडिया।** गोरेगांव ट्रैफिक डिवीजन के अंतर्गत गोरेगांव पश्चिम स्थित विशाल स्वीट्स से रजनीगंधा बिल्डिंग, सोमानी ग्राम रोड तक के मार्ग पर दोनों ओर अव्यवस्थित वाहन पार्किंग के कारण लगातार यातायात जाम की स्थिति बन रही थी। समस्या के समाधान हेतु यातायात पुलिस द्वारा इस मार्ग पर प्रायोगिक आधार पर ऑड-ईवन पार्किंग व्यवस्था लागू की गई थी। प्रायोगिक अवधि के दौरान यह पाया गया कि उक्त व्यवस्था से यातायात प्रवाह में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और मार्ग पर जाम की स्थिति में कमी आई है। आमजन की सुविधा तथा सुगम यातायात सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अब इस ऑड-ईवन पार्किंग प्रणाली को स्थायी रूप से लागू कर दिया गया है। मुंबई ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे निर्धारित नियमों का पालन करते हुए सहयोग करें, ताकि क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुचारू और सुरक्षित बनी रहे।

## व्यावसायिक उपयोग में लिए जा रहे 17 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त, विभाग की सख्त कार्रवाई

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**राजसमंद।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, जयपुर के निर्देशों की पालना में जिला रसद अधिकारी कार्यालय, राजसमंद द्वारा घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक दुरुपयोग के विरुद्ध सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के विभिन्न प्रतिष्ठानों पर निरीक्षण करते हुए 17 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए हैं।

जिला रसद अधिकारी विजय सिंह ने बताया कि विभागीय टीम द्वारा शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में संचालित निजी प्रतिष्ठानों और रेस्टोरेंट्स का औचक निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान पाया गया कि कुछ स्थानों पर घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा था, जो नियमानुसार पूर्णतः प्रतिबंधित है। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित प्रतिष्ठानों से 17 घरेलू सिलेंडर जब्त किए गए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक दुरुपयोग, अवैध भंडारण एवं अवैध रिफिलिंग आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत दंडनीय अपराध है। ऐसे मामलों में दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

जिला रसद अधिकारी विजय सिंह के निर्देशन में




की गई इस कार्रवाई में प्रवर्तन अधिकारी लोकेश जोशी एवं रणजीत सिंह भी उपस्थित रहे। विभाग ने संकेत दिया है कि जिले में इस प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी, जिससे गैस वितरण प्रणाली में पारदर्शिता बनी रहे और वास्तविक घरेलू उपभोक्ताओं के हित सुरक्षित रह सकें।

विभाग ने आमजन से अपील की है कि यदि कहीं घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग की जानकारी मिले तो तत्काल संबंधित कार्यालय को सूचित करें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## खबर संक्षेप

### सीधी भर्ती पटवारी परीक्षा 2025 में चयनित अभ्यर्थियों का दस्तावेज सत्यापन 24 व 25 फरवरी को

**सलूंबर @ पदमावत मीडिया।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा आयोजित सीधी भर्ती पटवारी प्रतियोगी परीक्षा 2025 में अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों की सूची संबंधित मंडल को प्राप्त हो चुकी है। राजस्व मंडल राजस्थान, अजमेर के पत्र दिनांक 19 फरवरी 2026 के अनुसार चयनित 30 अभ्यर्थियों को सलूंबर जिला आवंटित किया गया है। जिला कलेक्टर अवधेश मीना द्वारा जारी आदेशानुसार चयनित अभ्यर्थियों को पटवारी पद पर दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षाधीन प्रशिक्षु के रूप में अस्थायी नियुक्ति प्रदान की गई है। सभी अभ्यर्थियों को 24 एवं 25 फरवरी तक कार्यालय समय में जिला कलेक्टर कार्यालय, भू-अभिलेख अनुभाग कक्ष संख्या 204 में उपस्थित होकर मूल दस्तावेजों का सत्यापन करवाना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थियों को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग से जारी मूल स्वास्थ्य प्रमाण पत्र तथा जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी नवीनतम चरित्र सत्यापन प्रमाण पत्र सहित सभी मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। दस्तावेज सत्यापन के उपरांत नियुक्त पटवारी (प्रोबेशन ट्रेनी) को 26 फरवरी 2026 को पटवार प्रशिक्षण विद्यालय देबारी, उदयपुर में प्रधानाध्यापक के समक्ष कार्यभार ग्रहण करना होगा। निर्धारित तिथि से पूर्व किसी भी अभ्यर्थी का कार्यग्रहण स्वीकार नहीं किया जाएगा। नियुक्ति राजस्थान लैण्ड रेवेन्यु (लैण्ड रिकार्ड्स) नियम 1957 एवं समय-समय पर जारी अधिसूचनाओं के अंतर्गत शासित होगी। परिवीक्षाधीन प्रशिक्षुओं को वित्त विभाग की अधिसूचनाओं के अनुसार नियत पारिश्रमिक दिया जाएगा। प्रशिक्षण अवधि छह माह की होगी तथा विभागीय परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। प्रशिक्षण पूर्ण करने और विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण करने तथा दो वर्ष का परिवीक्षाकाल संतोषजनक होने पर सेवाएं नियमित की जाएंगी। प्रशिक्षण उपरांत कम से कम तीन वर्ष तक राज्य सरकार के अधीन सेवा देने का बंधपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। यदि कोई अभ्यर्थी पूर्व से राजकीय सेवा में कार्यरत है तो उसे पूर्व नियोजक से विधिवत कार्यमुक्ति अथवा त्यागपत्र स्वीकृति आदेश एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। यदि कोई अभ्यर्थी 24 मार्च 2026 तक उपस्थित नहीं होता है तो उसका नियुक्ति आदेश निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

### मधुमक्खी पालन के इच्छुक किसानों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण 25 फरवरी को प्रस्तावित

**सलूंबर @ पदमावत मीडिया।** जिले में मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इच्छुक किसानों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 25 फरवरी को पंचायत समिति सभागार सलूंबर में आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा किसानों को मधुमक्खी पालन की उन्नत तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान मधुमक्खी बॉक्स की संरचना, मधुमक्खी कॉलोनी का प्रबंधन, शहद उत्पादन की वैज्ञानिक विधि, मधुमक्खी बॉक्स का अन्य जिलों में देशांतरण, रोग नियंत्रण तथा उत्पादन बढ़ाने की तकनीकों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। साथ ही विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं उपलब्ध अनुदान की जानकारी भी दी जाएगी, ताकि किसान इसका लाभ लेकर स्वरोजगार को बढ़ावा दे सकें। कार्यक्रम में मधुमक्खी पालन के प्रति उत्सुक किसानों को प्रेरित किया जाएगा तथा मौके पर ही उनके आवेदन पत्र तैयार करवाए जाएंगे। इच्छुक किसानों के नाम संबंधित कृषि पर्यवेक्षक के माध्यम से दर्ज किए जाएंगे। विभाग द्वारा प्रशिक्षण में भाग लेने वाले किसानों को आने-जाने का किराया भी प्रदान किया जाएगा। कृषि विभाग ने जिले के अधिक से अधिक किसानों से इस प्रशिक्षण में भाग लेकर मधुमक्खी पालन के माध्यम से अतिरिक्त आय के अवसर प्राप्त करने की अपील की है।


### ओडिशा के उपमुख्यमंत्री 25 को उदयपुर में

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** ओडिशा के उपमुख्यमंत्री श्री केवी सिंह देव बुधवार 25 फरवरी को उदयपुर आएंगे। श्री देव बुधवार प्रातः 9:50 बजे वायुयान द्वारा महाराणा प्रताप एयरपोर्ट डबोक पहुंचेंगे। श्री देव उदयपुर में निजी कार्यक्रम में भाग लेंगे। अगले दिन 26 फरवरी को प्रातः वायुयान द्वारा दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

# पंचायत समिति स्तर पर पंच गौरव मेला व प्रदर्शनी 25 व 26 को

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की पहल पर शुरू की गई पंच गौरव योजना के तहत आमजन को पंच गौरव की महत्ता से रूबरू कराने तथा उनके संरक्षण एवं संवर्धन के लिए अब पंचायत समिति स्तर पर पंच गौरव मेले एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। उदयपुर जिले में पंच गौरव कार्यक्रम क्रियान्वयन अध्यक्ष एवं जिला कलक्टर नमित मेहता के निर्देश पर 25 एवं 26 फरवरी को सभी पंचायत समिति मुख्यालयों पर पंच गौरव मेला व प्रदर्शनी आयोजित होगी। मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद रिया डाबी के



मार्गदर्शन में होने वाले पंच गौरव मेले को लेकर पंचायत समिति स्तर पर व्यापक तैयारियां की गई हैं।


पंच गौरव सदस्य सचिव पुनीत शर्मा ने बताया कि पंच गौरव मेला एवं प्रदर्शनी में एक जिला एक उत्पाद-मार्बल एवं ग्रेनाईट, एक जिला एक उपज-सीताफल, एक जिला एक वनस्पति प्रजाति-महुआ, एक जिला एक खेल-तैराकी, एक जिला एक पर्यटन स्थल-फतेहसागर एवं पिछोला के समग्र विकास एवं संरक्षण की अवधारणा को केंद्र में रखकर प्रदर्शनी और गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

आयोजन के दौरान स्थानीय कारीगरों, स्थानीय स्वयं सहायता समूह, महिला समूहों और किसानों द्वारा तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री की व्यवस्था भी रहेगी। इससे ग्रामीण उत्पादों को बाजार मिलेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबुती मिलेगी। साथ ही कृषि, उद्यानिकी, वानिकी एवं अन्य विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी, तकनीकी मार्गदर्शन और नवाचारों का प्रदर्शन किया जाएगा।

मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम और पारंपरिक खेलों का प्रदर्शन तथा युवाओं के लिए प्रेरक गतिविधिया भी आयोजित की जाएगी। पंच गौरव मेला न केवल जिले की विशिष्ट पहचान को उजागर करेगा, बल्कि स्थानीय उद्यमिता, पर्यटन, खेल और सांस्कृतिक धरोहर एवं पर्यावरण संरक्षण को भी नई दिशा देगा एवं जिले में विशिष्ट महत्व के उत्पादों को पहचान दिलाएगा। यह आयोजन क्षेत्र की समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### फोटोग्राफर दिनेश कोठारी बने वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफी एसोसिएशन ऑफ इंडिया के मानद सदस्य

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** प्रसिद्ध फोटोग्राफर एवं चित्रकार तथा सेवा निवृत्त आरएएस अधिकारी दिनेश कोठारी को देश की प्रतिष्ठित संस्था वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफी एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा मानद सदस्य नियुक्त किया गया है। कोठारी के फोटोग्राफ देश की शीर्ष कला संस्थाओं ललित कला अकादमी, इंडियन एकेडमी ऑफ फाइन आर्ट, बॉम्बे आर्ट सोसाइटी, तथा उत्तर प्रदेश ललित कला अकादमी में प्रदर्शित किए जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त पर्यटन विभाग, राजस्थान एवं कई विदेशी संस्थाओं द्वारा भी उनकी कृतियों को प्रदर्शित एवं पुरस्कृत किया गया है। हाल ही में आयोजित ह्यबेस्ट ऑफ इंडियाह्ल प्रतियोगिता में भी कोठारी ने उल्लेखनीय सफलता अर्जित की। वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफी एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में उन्हें सिल्वर मेडल और ई-मेरीट सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया।



**पर्यटन विभाग, राजस्थान एवं कई विदेशी संस्थाओं द्वारा भी उनकी कृतियों को प्रदर्शित एवं पुरस्कृत किया गया है**

## उधार रुपये मांगने गए युवकों पर तलवार व कुल्हाड़ी से हमला, दो गंभीर घायल

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**बांसवाड़ा।** सदर थाना क्षेत्र में उधार राशि मांगने गए युवकों पर तलवार और कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। हमले में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद उदयपुर रेफर किया गया है।

प्रार्थी नरेश पिता रमेश जाति चरपोटा, उम्र 26 वर्ष, निवासी तेजपुर ने लिखित रिपोर्ट पेश कर बताया कि उसके काका का लड़का भरत पिता कचरू जाति चरपोटा निवासी तेजपुर, बहादुर पिता रावजी मईड़ा निवासी रघावा से उधार रुपये मांगता था। 22 फरवरी 2026 को दोपहर लगभग 12 बजे नरेश और भरत रुपये मांगने बहादुर के घर गए थे। उस समय बहादुर ने शाम को आकर रुपये ले जाने को कहा। रिपोर्ट के अनुसार उसी दिन शाम करीब 7 बजे नरेश, भरत और गोविंद दो मोटरसाइकिलों से बहादुर के घर के पास शिव मंदिर के समीप पहुंचे। वहां बहादुर का पुत्र अविनाश आया और तीनों को रुकने के लिए कहकर घर के भीतर गया। कुछ ही देर में वह तलवार लेकर लौटा और भरत पर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। इसी दौरान बहादुर और उसकी पत्नी मीरा ने शोर मचाया कि ये लोग मारपीट करने आए हैं। शोर सुनकर कलजी पिता कालू और दलिवंद पिता कालू निवासी तेजपुर हाथों में कुल्हाड़ी लेकर मौके पर पहुंचे और भरत के साथ मारपीट की। कुल्हाड़ी के वार से भरत को गंभीर चोटें आईं। बीच-बचाव करने आए गोविंद पर भी बहादुर ने तलवार से हमला कर दिया, जिससे उसके पेट में गंभीर चोट लगी।

घटना की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और एम्बुलेंस की सहायता से दोनों घायलों को सरकारी अस्पताल बांसवाड़ा पहुंचाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर दोनों को उदयपुर रेफर कर दिया गया।

प्रकरण में पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर मामला संख्या 52/2026 धारा 109(1), 3(5) बीएनएस 2023 के तहत दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया है। थानाधिकारी सुहासी जैन के निर्देशन में टीमों का गठन कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। घटना के संबंध में तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर गहन जांच जारी है।

## राजस्थान की रेत का रूखापन आदमी को पानीदार बनाता है और झीलों में पानी नहीं वीरों की कहानियां तैरती है : चेतन औदिच्य

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** राजधानी जयपुर के जवाहर कला केंद्र में संस्कार भारती की ओर से हुए तीन दिवसीय लोक कला संगम महोत्सव रविवार को संपन्न हुआ। इस अवसर पर लोक-चौपाल कार्यक्रम में बोलते हुए उदयपुर के कलाकार चेतन औदिच्य ने कहा कि राजस्थान की तासीर यह है कि रेत का रूखापन यहां आदमी को पानीदार बनाता है । यहां की मरुभूमि में जल कम है, परंतु यहां के लोगों मन गीला है । हमारा गौरव यह है कि यहां झीलों के पानी में वीरों की कहानियां तैरती है। ह्ल वक्तव्य उन्होंने राजस्थानी लोक : मन, मिट्टी और परंपरा का देशज संसार विषय पर दिया। महोत्सव में मुख्य अतिथि माननीय राज्यपाल हरिभाऊ बागडे तथा विशिष्ट अतिथि सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले थे।

कार्यक्रम में पद्मश्री तिलक गीताई ने कहा कि पूरे देश में एक भी विश्वविद्यालय ऐसा नहीं है जहां पर पारंपरिक कला का पाठ्यक्रम हो । प्रसिद्ध रंगकर्मी अरुण प्रकाश व्यास ने इस बात पर बल दिया कि लोक परंपराएं जब तक अपने मूल रूप में व्यवहार में नहीं आएंगे






तब तक हम अनेक समस्याओं से ग्रसित रहेंगे । सिंपली जयपुर मैगजीन की संपादक अंशु हर्ष ने हमारे जीवन के आसपास की लोक मान्यताओं के महत्व की ओर ध्यान दिलाया। प्रताप गौरव शोध केंद्र के निदेशक डा.विवेक भटनागर ने लोक जीवन की भारतीय अवधारणा पर व्याख्यान दिया।

जेकेके के इस भव्य लोक उत्सव में जयपुर जिला कलेक्टर डॉ जितेन्द्र कुमार सोनी, डॉ इन्दुशेखर तत्पुरुष, नारायण सिंह राठौड़ पीतल, डॉ गीता सामोद, तनेराज सिंह सोढा, डॉ अमिताराज गोयल आदि विद्वानों ने भाग लिया।

उत्सव में लोक जीवन की भारतीय अवधारणा, लोक दृष्टि विचार व्यवस्था और जीवन व्यवहार, राजस्थानी लोक मन मिट्टी और परंपरा का देशज संसार तथा पर्यटन पर्यावरण, लोक कला धरोहर से नवाचार तक, लोक देवता और सामाजिक समरसता, तथा लोक का अंतर बाह्य सांस्कृतिक स्वरूप पारिवारिक मूल्यों का आधार विषय पर विभिन्न सत्र आयोजित हुए।

## अमृता मेले के चौथे दिन जागरूकता की गूंज अमृता मेले के चौथे दिन निकली बाइक रैली, बेटियों को बचाने और पढ़ाने का दिया संदेश

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** अमृता मेले के चौथे दिन महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा और सामाजिक जागरूकता के संदेश के साथ कई प्रभावशाली कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। निर्भया कमांडो और पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक भव्य बाइक रैली निकाली गई। रैली को अंतरराष्ट्रीय राइफल शूटर पलक गुर्जर की गरिमामयी उपस्थिति ने विशेष पहचान दी। रैली अमृता हाट से प्रारंभ होकर दिल्ली गेट, बाबू बाजार, जगदीश चौक, हाथीपोल और गुलाब बाग होते हुए पुनः अमृता हाट पहुंची। पूरे मार्ग में ह्लबेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओह्ल, ह्लबाल विवाह बंद करोह्ल और ह्लमहिला हिंसा का विरोध करोह्ल जैसे नारों से वातावरण गुंजायमान रहा। शहरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर रैली का स्वागत किया। पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए ।





**रैली को अंतरराष्ट्रीय राइफल शूटर पलक गुर्जर की गरिमामयी उपस्थिति ने विशेष पहचान दी**

इस अवसर पर पलक गुर्जर ने युवतियों को आत्मरक्षा, शिक्षा और खेलों में आगे बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि बेटियां हर क्षेत्र में देश का नाम रोशन कर रही हैं और समाज को उन्हें समान अवसर देने चाहिए। उनकी उपस्थिति से युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। मेले में हरिहर ट्रस्ट एवं शाश्वत ट्रस्ट के सहयोग से महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं और मेले में आई अन्य महिलाओं के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जेंडर स्पेशलिस्ट विमला वीरवाल ने जानकारी दी कि अमृता हाट का समापन समारोह कल दोपहर 3 बजे आयोजित किया जाएगा। समापन अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और सम्मान समारोह आयोजित किए जाएंगे।

## त्वरित कार्रवाई और संवेदनशीलता से बचाई युवती की जान, समय रहते टली बड़ी अनहोनी

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**भोपाल।** ग्वालियर जिले के थाना बहोड़ापुर क्षेत्र में डायल-112 जवानों एवं स्थानीय पुलिस की त्वरित, साहसिक और संवेदनशील कार्यवाही ने एक युवती की जान बचाकर मानवता और कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल प्रस्तुत की। कमरे में बंद युवती के साथ अनहोनी की आशंका के बीच जिस तत्परता, सूझबूझ और साहस के साथ पुलिस ने स्थिति को संभाला, वह प्रशंसनीय है।

थाना बहोड़ापुर क्षेत्र अंतर्गत सदाशिव नगर में परिजनों द्वारा डायल-112 पर सूचना दी गई कि एक युवती कमरे में अंदर से बंद है और कोई प्रतिक्रिया नहीं दे रही है, जिससे किसी अनहोनी की आशंका प्रतीत हो रही है। सूचना मिलते ही डायल-112 को तत्काल मौके के लिए रवाना किया गया। साथ ही थाना बहोड़ापुर के प्रभारी श्री आलोक परिहार भी पुलिस बल के साथ तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे।

मौके पर पहुँचकर पुलिस टीम ने युवती को आवाज देकर दरवाजा खोलने का कहा, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए पुलिस ने खिड़की से झांककर देखा, जहाँ युवती फांसी के फंदे पर लटकी हुई दिखाई दी। एक क्षण की भी देरी किए बिना पुलिस ने परिजनों की सहायता से तत्काल दरवाजा तोड़ा और साहसिक कार्यवाही करते हुए फंदा काटकर युवती को नीचे उतारा। उस समय युवती बेहोश अवस्था में थी।

**युवती की जान बचाकर मानवता और कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल प्रस्तुत की**

पुलिस द्वारा बिना समय गंवाए युवती को तत्काल उपचार हेतु जयारोग्य अस्पताल, ग्वालियर पहुँचाया गया। समय पर की गई इस संवेदनशील और साहसिक कार्यवाही से एक अनमोल जीवन सुरक्षित हो सका।

डायल 112 हीरोज श्रृंखला के अंतर्गत यह प्रेरणादायक घटना यह दर्शाती है कि मध्यप्रदेश पुलिस हर संकट की घड़ी में आमजन की सुरक्षा, जीवन रक्षा और मानवीय सेवा के लिए सदैव तत्पर, सजग और समर्पित है।

# मध्यप्रदेश पुलिस की अवैध गौवंश एवं पशु , तस्करी पर प्रभावी कार्रवाई

## विगत दस दिनों में 227 गौवंश एवं अन्य पशु मुक्त कराए

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**भोपाल।** मध्यप्रदेश पुलिस प्रदेशभर में अवैध गौवंश एवं पशु तस्करी के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही कर रही है। पुलिस की सक्रिय, समन्वित और तकनीकी रूप से सशक्त कार्रवाई के परिणामस्वरूप विगत दस दिनों में 227 गौवंश एवं अन-?य पशुओं को सुरक्षित मुक्त कराया गया। साथ ही अवैध परिवहन में प्रयुक्त ट्रक, कंटेनर, पिकअप एवं अन्य वाहनों को जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध पशु क्रूरता निवारण अधिनियम एवं संबंधित धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं।

### पन्ना

पुलिस ने जिले में लगातार प्रभावी कार्यवाही करते हुए देवेन्द्रनगर थाना क्षेत्र में 32 गौवंश को अवैध परिवहन से मुक्त कर लगभग 25 लाख रूपए का कंटेनर जप्त किया है।

मझगवां पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 71 भैंस/पाड़ा (लगभग 14 लाख 20 हजार) तथा 2 ट्रक (लगभग 40 लाख) जप्त किए हैं। इसके अतिरिक्त थाना मड़ला क्षेत्र में 08 पशु एवं 01 पिकअप वाहन सहित लगभग 8 लाख 50 हजार रूपए की संपत्ति जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई। इस प्रकार जिले में कुल 111 पशुओं को सुरक्षित मुक्त कराया गया।



### सीधी

थाना मझौली पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान संदिग्ध ट्रक को रोककर उसमें से 53 भैंस/पड़वा को सुरक्षित मुक्त कर ट्रक जप्त किया है।



### डिंडोरी

थाना कोतवाली पुलिस ने पशु तस्करी करते 01 आरोपी को गिरफ्तार कर ट्रक सहित 23 भैंसें जप्त की।

### सिवनी

थाना उगली पुलिस ने क्रूरतापूर्वक बांधे गए 14 गौवंश को सुरक्षित मुक्त कराया

### खरगोन

थाना सनावद, बिस्टान एवं चौकी खलटाका क्षेत्रों में अलग-अलग कार्यवाहियों में पुलिस ने कुल 13 गौवंश को मुक्त कराया।



इन कार्यवा?ही में पुलिस ने 05 आरोपियों को गिरफ्तार कर टाटा ऐस, पिकअप एवं सुपर कैरी वाहन जप्त किए।

### गुना

थाना धरनावदा पुलिस ने अवैध गौवंश परिवहन पर करारा प्रहार करते हुए पिकअप वाहन से 07 गाय के बछड़ों को सुरक्षित मुक्त कराया। 01 आरोपी को गिरफ्तार कर मिनी पिकअप वाहन जप्त किया।

### छिंदवाड़ा

सिंगोड़ी पुलिस ने अवैध परिवहन कर ले जाई जा रही 04 भैंसों को मुक्त कराकर एक आरोपी को गिरफ्तार कर वाहन जप्त किया गया।

### उज्जैन

थाना माकड़ोन पुलिस ने भैंस चोरी के प्रकरण में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए 02 आरोपियों को गिरफ्तार कर 02 मुर्रा नस्ल की भैंसें (लगभग 3 लाख रूपए) बरामद की।

मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा गौवंश एवं अन्य पशुओं के अवैध परिवहन, तस्करी एवं क्रूरता के मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। तकनीकी विश्लेषण, गश्त, सूचना तंत्र एवं अंतरजिला समन्वय के माध्यम से इस प्रकार की गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा रहा है। कानून का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक : **पवन मॉंगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय** : गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाईन प्रकाशित। **मो. नं.** : +91-95945-42679
e-mail :- padmavatmedia@gmail.com / Web : padmavatmedia.in (नोट : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा। उक्त ई-पेपर को अवैध रूप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।